प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 20.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में जवानों के साथ मनाई दिवाली, कहा–विक्रांत ने पाकिस्तान की नींद उड़ाई।
2. राज्यभर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है दीपावली और काली पूजा का त्योहार।
3. घाटशिला विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख कल, अब तक सात अभ्यर्थियों ने किया नामांकन।
4. बिहार के मुख्य सचिव ने झारखंड सरकार को लिखा पत्र, सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा और शराब पर निगरानी रखने का किया आग्रह।
5. खूंटी में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग के महिला सीनियर और जूनियर वर्ग में खूंटी बना चौंपियन, सब जुनियर वर्ग में दुमका विजयी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा और कारवार के तट पर ऑर्म्ड फोर्सेस के जवानों के साथ दिवाली मनाई। उन्होंने आईएनएस विक्रांत पर नेवी के जवानों को संबोधित किया। जवनों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने आज के दिन को अद्भुत बताया और कहा कि आईएनएस विकांत ने पाकिस्तान की नींद उड़ाई, विकांत का नाम दुश्मन के साहस का अंत है। पीएम मोदी ने कहा कि आज एक तरफ उनके पास समंदर है तो दूसरी तरफ भारत माता के वीर जवानों की ताकत है। उन्होंने कहा कि देश का रक्षा बजट अब तीन गुणा हो गया है।

****

राजधानी रांची सहित राज्यभर में दीपावली पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य के कई गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा यह पर्व सभी के जीवन में सुख समृद्धि और अपार खुशियां लाए। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दीपावली, सोहराय, काली पूजा की बधाई दी और मईंयां सम्मान योजना की राशि भी निर्गत की।

****

अयोध्या की तर्ज पर सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में बने राम मंदिर में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने मिलकर 11 हजार दीप प्रज्वलित किए,इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि परंपरा का निर्वहन करते हुए आज अपनी आस्था का उत्सव मना रहे हैं––

****

सरायकेला –खरसावां जिले के आदित्यपुर–2 स्थित एमआईजी मैदान में सार्वजनिक काली पूजा समिति द्वारा तैयार किए गए आकर्षक काली पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और जदयू विधायक सरयू राय मौजूद रहे।

****

स्वास्थ्य विभाग ने दीपावली को लेकर सभी जिलों के सदर अस्पताल और रांची स्थित रिम्स को अलर्ट किया है। रिम्स में दस और सदर अस्पताल में छह बेड सुरक्षित रखे गये हैं। बर्न वार्ड और इमरजेंसी सेवा के साथ पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाओं की व्यवस्था की गई है।

****

घाटशिला उपचुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख कल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि अब तक कुल 7 अभ्यर्थियों द्वारा 11 नामांकन पत्र भरे गए। उम्मीदवारों द्वारा भरे गए नामांकन प्रपत्र की स्क्रुटनी 22 अक्टूबर को की जाएगी। स्क्रुटनी के उपरांत उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 24 अक्टूबर है

****

बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने झारखंड सरकार को पत्र लिखकर सीमावर्ती इलाकों में शराब पर निगरानी रखने की अपील की है। उन्होंने झारखंड के मुख्य सचिव से पत्र के माध्यम से कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है, ऐसी स्थिति में दोनों राज्यों के बीच परस्पर समन्वय आवश्यक है।

****

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेइइ) मेन 2026 की तिथियां घोषित कर दी हैं। यह परीक्षा जनवरी और अप्रैल दो सत्रों में आयोजित की जायेगी। एनटीए के अनुसार, पहले सत्र की परीक्षा 21 जनवरी से 30 जनवरी 2026 के बीच होगी। इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया इसी महीने आधिकारिक वेबसाइट पर शुरू होगी। वहीं, दूसरे सत्र की परीक्षाएं एक अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जायेंगी। इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया जनवरी 2026 के अंतिम सप्ताह से शुरू होगी।

****

झारखंड मैट्रिक और इंटर परीक्षा 2026 का मॉडल प्रश्न पत्र तैयार हो गया है। जेसीइआरटी की देखरेख में मॉडल प्रश्न पत्र तैयार किया गया है। इस सप्ताह मैट्रिक और इंटर दोनों का मॉडल प्रश्न पत्र एक साथ जारी किया जायेगा। परीक्षा के पैटर्न में कोई बदलाव नहीं किया गया है इनमें 30 प्रश्न बहु प्रश्न एक–एक अंक के विकल्पीय होंगे।

****

रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले में तेजी से कार्य किया जा रहे है।

****

टाटानगर रेलवे स्टेशन पर झारखंड और बिहार के पारंपरिक व्यंजनों की विक्री की सुविधा कल से शुरू होगी। टाटानगर रेलवे स्टेशन के अलावा दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के बड़े स्टेशनों रांची, राउरकेला और झारसुगड़ा पर ये सुविधा उपलब्ध होगी।

****

खूंटी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग (महिला) में जूनियर और सीनियर वर्ग में खूंटी ने चैंपियन का खिताब जीता। वहीं, सब जूनियर वर्ग में दुमका ने पहला स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की 17 टीमों ने भाग लिया।

****

खूंटी बैडमिंटन एकेडमी की ओर से एकदिवसीय ओपन डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 30 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में लोहरदगा की अखिल एलेक्स और रोहित साहू की जोड़ी विजेता बनी, जबकि अल्तमश और साजन की जोड़ी उपविजेता रही।

****